उत्तर प्रदेश शासन
समाज कल्याण अनुभाग-1
संख्या-18/3335/26-1-2013-20(सक)/2012
लखनऊ: दिनांक: 30 अक्टूबर, 2013
<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

श्री श्रीनिवास द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास),हाथरस को सी0बी0आई0 जॉच रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 1999-2000 में जनपद इलाहाबाद में जिला समाज कल्याण अधिकारी पद की तैनाती अवधि में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति अस्तित्वहीन विद्यालयों को भेजकर बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों से दुरभिसंधि करके फर्जी व्यक्तियों के नाम से खाता खुलवाकर शासकीय धनराशि रू0 12,16,170/- के व्यपहरण/गबन के आपराधिक षडयंत्र में शामिल होने के प्रकरण में दर्ज केस संख्या-आर0सी0-0062009ए0005 उ0प्र0 राज्य बनाम राजेश कुमार गुप्ता, तत्कालीन शाखा प्रबंधक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा बमरौली, इलाहाबाद में श्री परितोष कुमार, तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी, इलाहाबाद के विरूद्ध शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-766/26-1-2011-4(4)/2010, दिनांक 21-02-2011 द्वारा सक्षम न्यायालय में अभियोग चलाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रश्नगत प्रकरण में श्री श्रीनिवास द्विवेदी दिनांक 14-06-2012 से 16-08-2012 तक कारागार में निरूद्ध रहे। फलस्वरूप उन्हें 48 घण्टे से अधिक कारागार में निरूद्ध रहने के कारण शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2698/26-1-2012-20(सक)/2012, दिनांक 11-09-2012 द्वारा दिनांक 14-06-2012 (कारागार में निरूद्ध होने की तिथि) से निलम्बित किया गया। प्रश्नगत प्रकरण में श्री द्विवेदी के विरूद्ध मा0 न्यायालय में चार्जशीट दाखिल है तथा संगत साक्ष्य के अभाव में उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही/आरोप पत्र नहीं दिया जा सका है।

2- अत: सम्यक् विचारोपरान्त श्री श्रीनिवास द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास) के निलम्बन आदेश दिनांक 11-09-2012 को समाप्त कर सेवा में बहाल करते हुए समाज कल्याण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ में तैनात किया जाता है।

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव।

<u>पृ0सं0-18/3335(1)/26-1-2013-तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, हाथरस/लखनऊ।
4- संबंधित अधिकारी(श्री श्रीनिवास द्विवेदी), द्वारा निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
5- संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत पत्रावली में रक्षित करने हेतु।
6- गार्ड फाइल/जॉच रजिस्टर।

आज्ञा से,

(राज कुमार त्रिवेदी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in